STANDARD 10 – HINDI – ONLINE CLASS 26-(28-10-2021)

UNIT - 4 : पाठ का नाम : बसंत मेरे गाँव का

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) पशुचारक कब अपने घर लौटते हैं ?

उत्तर : गंगा में पानी की धारा तेज़ होते समय पशुचारक अपने घर लौटते है ।

2) पानी की धारा कैसे तेज़ हो जाती है?

उत्तर : तपते सूरज के आने पर पानी की धारा तेज़ हो जाती है । क्योंकि वहाँ बर्फ है ।

3) बद्रीनाथ और केदारनाथ की विशेषता क्या है ?

उत्तर : बद्रीनाथ और केदारनाथ तीर्थ स्थल है ।आज भी वहाँ के मुख्य पुजारी दक्षिण भारत से नियुक्त होते है ।

4) जेठ का महीना कब शुरु होता है?

उत्तर : सूरज जब चौखंभा पर्वत के ठीक पीछे से उदय होने लगता है तब जेठ शुरू हो जाता है ।

5) लेखक मुकेश नौटियाल के गांव में किस समय हाडकंपा देने वाला ठडं पड़ती है?

उत्तर : पंचाचूली की पाँच चोटियों की ओर से जब सूरज प्रकट होता है तब गाँव में हाडकंपा देने वाली ठडं पड़ती है ।

6) बसंत कब बौराने लगता है ?

उत्तर : जब सूरज नंदा पर्वत के ऊपर पहुँचता है तब बसंत बौराने लगता है ।

7) जेठ की गर्मी कब चरम पर होती है ?

उत्तर : सूरज जब चौखंभा के शिखर से उगता है तब जेठ की गरमी चरम पर होती है ।

8) जब तक हिमालय रहेगा ऋतुओं के बदलने का यह उल्लास बना रहेगा। इसका क्या तात्पर्य है ?

उत्तर : हिमालय के ऊपर से सूरज की यात्रा के साथ ऋतुएँ भी बदलती रहती है। ऋतुओं के आने जाने के साथ पहाडी जीवन में भी बदलाव आता रहता है। कभी ठंड पडती है और कभी फूलों की शोभा होती है । बच्चे- बूढे उत्सव मनाते हैं। इसलिए लेखक की दादी कहती थी कि जब तक हिमालय रहेगा तब तक ऋतुओं के बदलने का यह उल्लास बना रहेगा।

9) मुकेश नौटियाल की दादी क्या कहती थी ?

उनकी दादी कहती थी कि जब तक हिमालय रहेगा तब तक हिमालय के ऋतुओं के बदलने का यह उल्लास बना रहेगा।

II) अर्थ समझकर सही मिलान करें।

चौखभा के पीछे सूरज के आने पर	हाडकंपा देने वाली ठंड पड़ती है।
नंदा पर्वत के ऊपर सूरज के आने पर	जेठ की गर्मी होती है।
पंचाचूली की ओर से सूरज के प्रकट होने पर	सड़कों पर य़ात्रियों की भीड है।
गर्मी के महीनों में	बसंत का आगमन होता है।

उत्तर

चौखंभा के पीछे सूरज के आने पर	जेठ की गर्मी होती है।
नंदा पर्वत के ऊपर सूरज के आने पर	बसंत का आगमन होता है ।
पंचाचूली की ओर से सूरज के प्रकट होने पर	हाडकंपा देने वाली ठंड पड़ती है।
गर्मी के महीनों में	सड़कों पर यात्रियों की भीड़ है।

III) विशेषण शब्दों से परिचय पाकर जोडा बनाएँ ।

निचले - विश्वास

आपसी - इलाके

सुंदर - सड़क

सर्पीली - दक्षिण

बहती - खेत

सीढीनुमा - गंगा

उत्तर

- निचले इलाके
- आपसी विश्वास
- सुंदर दक्षिण
- सर्पीली सडक
- बहती गंगा
- सीढीनुमा खेत

IV) मनुष्य और प्रकृति के आपसी संबंध पर पोस्टर तैयार करें ।

इस पोस्टर के लिए आवश्यक संदेश वाक्य

- प्रकृति हमारी माता है ।
- प्रकृति की रक्षा मानव की रक्षा ।

- ➢ जैव विविधता को बनाए रखें।

- ➢ वृक्ष पानी और शुद्ध हवा जीवन की अनमोल दवा है।
- ➢ कूड़ा कचरा फेंको मत. . . . पर्यावरण को सुरक्षित रखें।
- ➢ प्रकृति है तो जीवन है।
- ➢ हमारे पेड़ों का संरक्षण, हमारे भविष्य का संरक्षण

प्रकृति की रक्षा हमारी रक्षा

प्रकृति का नाश हमारा विनाश

v) **नवीन शब्दार्थ**

- ◆ जत्था - കൂട്ടം , Group
- ◆ गुज़र जाना - കടന്ന് പോവുക
- ◆ सटकर – ചേർന്നുള്ള
- ◆ सर्पीली सडक - സർപ്പാകൃതിയിലുള്ള റോഡ്
- ◆ हलचल - കോലാഹലം
- ◆ पैदल - കാൽനടയായി
- ◆ धाम - तीर्थ स्थल
- ◆ कपाट - दरवाजा \

- दक्षिण - തെക്ക്
- सुदूर - बहुत दूर
- एकतारा - ഒറ്റക്കമ്പി വാദ്യം
- महज - सिर्फ , വെറും
- सदी - നൂറ്റാണ്ട്
- मुस्तैदी से - तेजी से , വേഗതയിൽ
- चरम पर होना - ഏറ്റവും ഉയർന്ന നിലയിൽ എത്തുക
- उपस्थिति - Presence